प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
गोण्डा।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांकः 2201 / M-38 / 30 दिनांकः 14 /07/2026

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में डिजिटली माध्यम से प्रकाशित शीर्षक "प्रधान संघ की बैठक में उठी बकाया भुगतान और पेयजल की समस्यायें" पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में डिजिटली माध्यम से प्रकाशित शीर्षक "प्रधान संघ की बैठक में उठी बकाया भुगतान और पेयजल की समस्यायें" शीर्षक के क्रम में प्रधान संघ के बैठक में पानी की टंकी के अधूरे कार्यों पर चिन्ता व्यक्त की गयी। उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा नामित फर्म मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो तथा मे0 के.एल.एस.आर–रेज द्वारा पाइप लाइन परियोजनाओं के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान तक फर्म मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो को आवंटित कुल 782 परियोजनाओं में से 207 नग परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष 575 परियोजनाओं में से 240 परियोजनाओं का कार्य लगभग 85 प्रतिशत, 280 परियोजनाओं के कार्य लगभग 70 प्रतिशत तथा 55 नग परियोजना के कार्य लगभग 25 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। उक्त के अतिरिक्त फर्म मे0 के. एल.एस.आर–रेज को आवंटित कुल 142 परियोजनाओं में से 07 नग परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष 135 परियोजनाओं में से 28 परियोजनाओं का कार्य लगभग 80 प्रतिशत, 80 परियोजनाओं के कार्य लगभग 60 प्रतिशत एवं 27 परियोजनाओं के कार्य लगभग 20 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य प्रगति पर है।

साथ ही साथ महोदय को यह भी अवगत कराना है कि पूर्ण योजनाओं को पंचायती राज विभाग के पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायत को हस्तगत किया जाना प्रस्तावित है, जिसके क्रम में फर्म मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा 05 नग परियोजनाओं को पोर्टल के माध्यम से हस्तगत किया जा चुका है, शेष योजनाओं हस्तगन की कार्यवाही की जा रही है।

अतः सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

**(महेन्द्र सिंह)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0: / / दिनांकः /07/2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ
3. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. जिलाधिकारी महोदया, गोण्डा।
5. सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधियों को इस आशय से प्रेषित कि अवशेष परियोजनाओं के कार्य समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता